गुरुग्राम में एपीजे बिजनेस सेंटर की शुरुआत

'ABC फॉर वीमेन एट वर्क' स्कीम की घोषणा

गुरुग्राम 10 अगस्त 2018: भारत के सबसे बड़े बिजनेस संगठनों में एक, 108 साल पुराने एपीजे सुरेन्द्र ग्रुप की इकाई, एपीजे रियल एस्टेट ने आज डीएलएफ साइबर सिटी में 'प्लग एन प्ले' व 'को-वर्किंग स्पेस ब्रांड की स्थापना की|

मौके पर उपस्थित **एपीजे बिजनेस सेंटर के निदेशक शौविक मंडल** ने कहा, "20,000 वर्गफीट में फैला, 330 लोगों के बैठने की क्षमता से युक्त ABC - गुरुग्राम कार्यस्थल का एक सम्पूर्ण समाधान है। पिछले 60 दिनों में हमने हैदराबाद और कोलकाता की क्षमता को दोगुना बढ़ाकर अपने विकास की रणनीति दर्शाई है, और गुरुग्राम की ये शुरुआत दिल्ली एनसीआर में हमारे फोकस को स्पष्ट करती है। 20 सालों से अपनी सेवा और गुणवत्ता के लिए जाना जाने वाला हमारा ब्रांड, यहाँ भी आलिशान को-वर्किंग स्पेस, पसंद-आधारित केबिन, मीटिंग रूम, व्यवस्थित ऑफिस, एक वर्चुअल ऑफिस और ब्रेकआउट एरिया उपलब्ध कराएगा| एपीजे ग्रुप में पूरे भारत में,हमेशा से 85-90% की बसावट रही ही है, इस प्रदर्शन को देखते हुए हमें उम्मीद है कि एपीजे बिजनेस सेंटर साल की तीसरी तिमाही से पहले ही लगभग 2100 सीटर की उपस्थिति बना लेगा|

कार्यक्रम में उपस्थित **एपीजे सुरेन्द्र ग्रुप की निदेशक, प्रीति पॉल** ने महिलाओं के लिए एक ख़ास स्कीम की घोषणा की| "ABC फॉर वीमेन एट वर्क स्कीम एबीसी की प्रत्येक इकाई कार्यस्थल के माहौल को महिलाओं और परिवारों के अनुकूल बनाएगी| ये विशेषाधिकार महिला उद्यमियों और महिला नेतृत्व और महिला स्वामित्व उद्योगों को सशक्तता प्रदान करेगा| मैं उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रही हूँ, जब देश भर में मौजूद एबीसी के सम्पूर्ण कार्यस्थलों में से आधे कार्यस्थलों पर महिला व्यवसायियों का स्वामित्व हो|" **ABC फॉर वीमेन एट वर्क** स्कीम महिलाओं के लिए एक ऐसा अनुकूल माहौल तैयार करती है, जिसमें वो अपनी लाइफ और वर्क के बीच बैलेंस बिठा पाएंगी| एपीजे बिजनेस सेंटर अपनी सभी महिला उद्यमियों को प्राइवेट स्पेस में 15 दिन रेंट फ्री की सुविधा भी दे रहा है| महिला व्यवसायी देश भर में कहीं भी मौजूद ABC लाउन्जेस में आ-जा सकेंगी, जहाँ वे अपनी मीटिंग कर सकती हैं, नेटवर्किंग के लिए जा सकती हैं| इसके अलावा मीटिंग/कॉन्फ्रेंस रूम की बुकिंग पर उन्हें 20% डिस्काउंट भी मिलेगा| 'ABC फॉर वीमेन एट वर्क' स्कीम के साथ साझी सोच रखने वाले संगठनों के जुड़ने से महिलाएं और भी कुछ बेहतरीन कार्यक्रमों का लाभ ले पाएंगी, जिनमें नेटवर्किंग सेशंस, मेंटरिंग और बिजनेस बूस्ट टॉक्स, योग और कल्याण की वर्कशॉप, सेल्फ-डिफेन्स की क्लासेस के साथ वो अपने ABC स्पेस में ही डिस्काउंट कीमत पर किताबें, ग्रोसरी और हेल्थी फ़ूड भी मंगा सकेंगी|

APEEJAY BUSINESS CENTRE

An Apeejay Surrendra Enterprise

हाई-टेक DLF साइबर सिटी के 14वें फ्लोर पर स्थित ABC गुरुग्राम आलिशान ऑफिस की तलाश में एक सर्वोत्तम समाधान है, जो न्यूनतम किराए, कम मेंटेनेंस और प्रशासनिक मूल्य के चलते किसी भी प्रकार के बिजनेस के लिए उपयुक्त है| नामी ब्रांड्स से घिरी इस जगह पर एनएच-8 के माध्यम से आसानी से पहुंचा जा सकता है| इसका प्रत्येक बिजनेस सुइट अपने आप में ख़ास है, जो अपनी दीवारों के रंग और प्राइवेसी पैनल के जरिये विशिष्ट पहचान रखता है| ब्रेकआउट के लिए अनोखे रूम एक सरप्राइज पैकेज की तरह हैं, जहाँ की ख़ास थीम खुला आसमान मिलने का एहसास कराती है| प्रत्येक इकाई पूरी तरह से उपकरणों से युक्त है, जहाँ आप बस अपने सिस्टम रखकर काम करना शुरू कर सकते हैं|

ब्लू चिप कोर्पोरेट जैसे लेनोवो, अमेज़न, मोटोरोला, कोटक महिन्द्रा बैंक, बीओआई एक्सा, विस्तारा, अबू धाबी कमर्शियल बैंक, फूजी इलेक्ट्रिक, ओएलएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एडलमैन, नोर्ड ड्राइव सिस्टम्स, विल्स टावर्स वाटसन इंडिया इंश्योरेंस ब्रोकर्स, जोटुन इंडिया ABC के प्रमुख क्लाइंट है, जो पिछले दो दशकों से कम्पनी से जुड़े हैं| "चुस्त आईटी फ्रेमवर्क और आलिशान इंटीरियर की बदौलत, एपीजे बिजनेस सेंटर सुनिश्चित करता है कि बड़े और खुले कॉमन एरिया की वजह से हमारे वर्कप्लेस छोटे या बड़े, सभी क्लाइंट्स के लिए अनुकूल जगह उपलब्ध कराएँ," मिस्टर शौविक मंडल बताते हैं| ABC की अधिकांश इकाइयाँ शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं| यहाँ का चुस्त आईटी नेटवर्क क्लाइंट को अपना सर्वर स्थापित करने की सुविधा देता है, जिसकी गुणवत्ता की जांच एपीजे रियल एस्टेट की प्रशिक्षित टीम की निगरानी में होती है|

संपादकों के लिए

एपीजे बिजनेस सेंटर के बारे में

एपीजे बिजनेस सेंटर इंडिया के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट को-वर्किंग स्पेस ब्रांडों में से एक है, जिसके सेंटर चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, नवी मुंबई, पुणे और गुरुग्राम (जल्द ही) में हैं| जिसकी खासियत आधुनिकता, बिजनेस अनुकूलता के साथ व्यावहारिकता भी है| एपीजे बिजनेस सेंटर नामी बिजनेस घरानों के अलावा, सेंकडों मध्यम स्तर के संगठन और युवा उद्यमियों की मेजबानी करता है| शहर की प्राइम लोकेशन पर स्थित ये फुली-फर्निश्ड ऑफिस स्पेस, उचित लागत में विश्व की अत्याधुनिक तकनीक मुहैया कराते हैं| अधिक जानकारी के लिए:
www.apeejaybusinesscentre.com

एपीजे रियल एस्टेट के बारे में

एपीजे रियल एस्टेट इंडिया में ऊंची गुणवत्ता की कमर्शियल प्रोपर्टी, औद्योगिक पार्क्स और बिजनेस सेंटर बनाने वालों में अग्रणी है| एपीजे रियल एस्टेट की सेंकड़ों व्यापारिक, रिहायशी, शैक्षिक, बहु-उपयोगी, फुली-फर्निश्ड कार्यालय, सर्विस अपार्टमेंट्स और वेयरहाउस हैं, जो अपनी ख़ास शैली, इको-फ्रेंडली निर्माण, सुरक्षा के ऊंचे मानकों और तमाम तरह की सुविधाओं के लिए जाने जाते हैं| वर्ष 1910 में बनी इसकी व्यापारिक और रिहायशी प्रोपर्टी, पार्क मेंशन को 2013 में KMC – INTACH हैरिटेज अवार्ड से सम्मानित किया गया और मुंबई स्थित व्यावसायिक प्रोपर्टी एपीजे हाउस को 2017 में ICRI अवार्ड प्राप्त हुआ| अधिक जानकारी के लिए :
http://www.apeejaygroup.com/realestate.html

एपीजे सुरेन्द्र ग्रुप के बारे में

1910 में स्थापित हुए एपीजे सुरेन्द्र ग्रुप में 43,000 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं, जो तेजी से टी, होस्पिटेलिटी, शिपिंग और रियल एस्टेट में अपने पैर पसार रहा है| कम्पनी न्यू बिजनेस इनिशिएटिव, मरीन क्लस्टर, लोजिस्टिक व नॉलेज पार्क्स में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी है| अधिक जानकारी के लिए : www.apeejaygroup.com.

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : neetasreedharan@apeejaygroup.com, फोन : 9990996123